वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 17 मंगलवार 16 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# "म्हारो जयपुर, प्यारो जयपुर" अभियान

### एक जिला बनने तक करेंगे आंदोलन, गलता के सूर्य व आमेर की शिला माता मंदिर में होगी महाआरती

**जयपुर. कासं**

ज्येष्ठ कृष्ण एकादशी सोमवार को अपरा एकादशी के रूप में मनाई गई। वैष्णव श्रद्धालुओं ने श्री हरि विष्णु की पूजा-अर्चना कर व्रत रखा। मंदिरों में दर्शन कर दान-पुण्य किया। आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में ठाकुरजी का सुबह अभिषेक कर लाल रंग की पोशाक धारण कराई गई। एकादशी होने से श्रद्धालुओं के अधिक संख्या में पहुंचने के कारण ठाकुरजी को दोपहर की जगह शाम को 15 मिनट की जगह आधा घंटा जल विहार कराया गया। जलविहार के दौरान ठाकुरजी रियासत कालीन कमलनुमा होदी में विराजमान रहे और हाथों में सोने की पिचकारी थामे राधा रानी के साथ जलक्रीड़ा के भक्तों को अलौकिक दर्शन दिए। ठाकुरजी और राधा रानी जल की शीतल फुहारों में भीगते रहे। इसके बाद गर्मी जनित बीमारियों से बचाने के लिए ठाकुरजी और राधा रानी का चंदन और विशेष औषधियों का लेपन किया गया।



### फूलों का मुकुट और अलंकार किए धारण


होदी में 10 फव्वारे लगे हैं। इसके अतिरिक्त नीचे भी तांबे-पीतल के 12 फव्वारे हैं। ठाकुर श्रीजी को जल यात्रा उत्सव में सफेद धोती दुपट्टा पोशाक धारण कराई गई। फूलों का मुकुट एवं अन्य अलंकार फूलों से बनाए गए। जल में केवड़ा और गुलाब जल मिलाया गया। पांच तरह के फल और सिकरन का भोग लगाया गया। गोविंददेवजी मंदिर में विशेष तिथियों और पर्वों पर फव्वारों से चंदन, केवड़ा और गुलाब जल युक्त ठंडे सुगंधित जल से शीतलता प्रदान की जाएगी।

### जल विहार के पदों का गायन

इसी प्रकार, शुक संप्रदाय पीठ सरस निकुंज में दोपहर को जल विहार की झांकी के दर्शन कराए गए। जल विहार के पदों का गायन किया गया। ठाकुरजी राधा सरस बिहारी सरकार को ठंडक प्रदान के लिए चंदन में औषधि मिलाई गई। इत्र, केसर, गुलाब जल का प्रयोग किया गया। ठाकुरजी को ऋतु फलों के साथ ही रबड़ी कुल्फी भी भोग में अर्पित की गई। अक्षरधाम मंदिर, कृष्ण-बलराम मंदिर, इस्कॉन, गोपीनाथजी, राधा दामोदरजी, आनंद कृष्ण बिहारीजी सहित अन्य मंदिरों में भी ठाकुरजी को जल विहार कराया गया।

# तापमान में 4 डिग्री तक की हो सकती है गिरावट

### एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय
### आज से 6 संभाग में आंधी-बारिश का अलर्ट



**जयपुर. कासं।** प्रदेश में सोमवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया। अगले 48 घंटे तक 6 संभागों में आंधी-बारिश के आसार हैं। सोमवार शाम को भी कई जिलों में इसके असर से हल्की बारिश हुई। मौसम में आए इस बदलाव से अभी करीब चार दिन लोगों को गर्मी से और राहत मिलेगी। सोमवार को तापमान चूरू में 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोटा में पारा 44.0 डिग्री सेल्सियस रहा। जयपुर में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

# एमएनआईटी जयपुर के 45 छात्रों का प्रतिनिधिमंडल ओडिशा रवाना



**जयपुर. कासं**

केंद्र सरकार के कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम के तहत राजस्थान के उच्च शिक्षा संस्थानों के 45 छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को एमएनआईटी जयपुर से ओडिशा आईआईटी भुवनेश्वर के लिए प्रस्थान किया। प्रतिनिधियों का एमएनआईटी जयपुर में तिलक, माला, साफा और लोक नृत्य और संगीत के साथ पारंपरिक राजस्थानी विदाई दी गई। एमएनआईटी जयपुर के निदेशक, प्रो. एन. पी. पाढ़ी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रतिनिधिमंडल 16 मई से 22 मई तक ओडिशा का भ्रमण करेंगे। यात्रा के दौरान छात्र ओडिशा के राज्यपाल से भी मिलेंगे। वे ओडिशा के विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों पर भी जायेंगे। जिनमें रघुराजपुर गांव, कोणार्क मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, धोलीगिरी, खंडगिरी गुफाएं अकमरा हाट और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, राज्य जनजातीय संग्रहालय, पारादीप बंदरगाह, ललितगिरी मठ और संग्रहालय जाएंगे।

# जैन सोशल ग्रुप अरिहंत का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप अरिहंत की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शगुन बैंक्विट हॉल विद्याधर नगर स्टेडियम के पास में संपन्न हुआ । समारोह के अध्यक्ष जे एस जी इंटरनेशनल फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन महेंद्र - मंजू सिंघवी , विशिष्ट अतिथि नॉर्दन रीजन के सचिव सिद्धार्थ- वर्षाज जैन, चेयरमैन इलेक्ट् राजीव - अनिला पाटनी एवं 4 जोन के कोऑर्डिनेटर तरुण - शिल्पा ने जैन सोशल ग्रुप अरिहंत के नवीन सत्र 2023 /25 अध्यक्ष पद के लिए राजकुमार --पायल सोगानी, उपाध्यक्ष -अमरचंद उषा दीवान, सचिव - कमलेश मीनू चांदवाड, संयुक्त सचिव-अंजलि अरुण जैन, कोषाध्यक्ष -सौरव रिचा जैन एवं समस्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न करवाया।

## बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे वितरण

### प्यासे पंछीयों को पानी पिलाएं, आओ इस आदत को संस्कार बनाएं




**जयपुर. कासं।** परिण्डे लगाओ अभियान की कड़ी में सोमवार को राजस्थान जन मंच ट्रस्ट के पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन के मार्गदर्शन में अनिल दीवान अध्यक्ष श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर उदय लाल जी की नसियाँ ट्रस्ट , पदम जैन बिलाला प्रांतीय अध्यक्ष धर्म जागृति संस्थान राजस्थान , महावीर सोगनी अध्यक्ष राजस्थान फामेर्सी कौंसिल , हरक चंद बड़जात्या सदस्य मन्दिर महासंघ व समाजसेवी अरविंद दीवान ,अमित दीवान , प्रमोद जैन भँवर आदि द्वारा हॉस्पिटल रोड स्थित दीवान जी की नसियाँ परिसर पर सैकडो परिन्डो का वितरण किया गया एवं दाना- पानी और नियमित साफ- सफाई के महत्व को सभी को समझाया गया । अहिंसा सेवा व समभाव की भावना के साथ बेजुबान बीमार व घायल पक्षियों हेतु यह चिकित्सालय निःशुल्क सेवाएँ प्रदान कर रहा है ।

## श्री दिगम्बर जैन मंदिर,गायत्री नगर,महारानी फार्म,जयपुर में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर प्रारम्भ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अंतर्गत श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल के तत्वावधान में दिनांक 15 मई से 25 मई तक श्री दिगम्बर जैन मंदिर,गायत्री नगर, महारानी फार्म, जयपुर में धार्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, मंत्री राजेश बोहरा,उपाध्यक्ष अरुण शाह व अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर,पुलक मंच की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या के द्वारा किया गया। तत्पश्चात मंगलाचरण कर शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर की मुख्य संयोजक मंन्जु जैन सेवावाले ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यापिका अनीता बड़जात्या, प्रमिला जैन, भावना झाँझरी, विजय लक्ष्मी पाण्डया, साक्षी सोनी, विमला जैन,किरण बिल्टीवाला का भी माला पहनाकर स्वागत किया। संचालन अनिता बडजात्या ने करते हुए अवगत कराया कि शिविर में 70 बच्चों ने व 10 महिला-पुरुषो ने भाग लिया। बच्चों को बाल बोध भाग प्रथम,द्वितीय,व तृतीय का प्रशिक्षण एवम बड़ों को छह ढाला पढ़ाया जा रहा है।

# नि:शुल्क विशाल चिकित्सा परामर्श शिविर सम्पन्न






**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री दिगंबर जैन मुनि संघ सेवा समिति अजमेर के द्वारा निःशुल्क विशाल चिकित्सा परामर्श शिविर प्रातः 9.30 से आदिनाथ निलय पंचायत छोटा धडा.नसियाँ मे आयोजित किया गया। शिविर के अन्तर्गत अजमेर के वरिष्ठ व अनुभवी चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र गोखरु हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजकुमार खासगीवाल मूत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. एम.एन. श्रीवास्तव जनरल फिजिशियन, डॉ.अशोक मित्तल अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जेंतवाल अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजेन्द्र हेडा.नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. मनीषा शर्मा दन्त रोग विशेषज्ञ, डॉ. शिवांगी वर्मा फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ. नयना शर्मा डाइटिशियन, डॉ. मीनल सैनी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. दिव्या पाराशर दंत रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। दान शिविर के अन्तर्गत क्षेत्रपाल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर अजमेर की टीम ने रक्त शिविर की व्यवस्थाओ को सुव्यवस्थित रुप से सम्भाला। मरीजों की ब्लड शुगर,ब्लड प्रेशर हीमोग्लोबिन, सीबीसी, आरएफटी, एसजीपीटी एवं एसजीपीटी आदि रक्त की निशुल्क जाँचें प्रदान की गयी साथ ही मरीजो को निशुल्क दवा भी वितरित की गई। शिविर के मुख्य सहयोगी दानवीर श्रावक श्रेष्ठी एडवोकेट मुकेश जैन बोहरा आयुष, गीष्मा जैन वैशालीनगर अजमेर द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात आमंत्रित समस्त वरिष्ठ चिकित्सकों एवं समाज की संस्थाओं के अध्यक्ष व पदाधिकारियों का अभिनंदन शिविर सहयोगी मुकेश जैन बोहरा, समिति के अध्यक्ष सुशील जैन बाकलीवाल व शिविर संयोजक प्रकाश पाटनी अभिनंदन पत्र माला दुप्पटा आदि के द्वारा किया गया। समाज के प्रमोदचंद सोनी, सुनील ढिलवारी, दिनेश पाटनी, राजकुमार गोधा, बंटी गदिया, मनीष गदिया, नितिन जैन (पार्षद), श्रेयांस ढिलवारी आदि बंधु उपस्थित हुए। करीब 350 मरीजो ने रक्त की जाँचे व चिकित्सक परामर्थ लिया एवं करीब 75 यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया। समाप्ति के पश्चात शिविर के मुख्य सहयोगी दानवीर श्रावक श्रेष्ठी एडवोकेट मुकेश जैन बोहरा आयुष, गीष्मा जैन 9.30का दिगम्बर जैन मुनि संघ सेवा समिति अजमेर ने प्रशस्ति पत्र व पुष्पहार पहनाकर भावभीना अभिनंदन किया साथ ही उपस्थित अतिथि महानुभावो का भी सम्मान किया। समिति के विनय पाटनी, ललित पांड्या, नीरज पाटनी, नितिन दोसी, रिपेन्द्र कासलीवाल, अशोक गोधा, मनोज सेठी आदि ने अपनी से सेवाए प्रदान की।

## दुर्गापुरा में ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल त्रिशला संभाग दुर्गापुरा के सानिध्य में श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर दुर्गापुरा में आज प्रातः 8:00 ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ । अध्यक्ष श्रीमती चंदा सेठी एवं सचिव श्रीमती रेनू पांड्या ने बताया कि कार्यक्रम के दीप प्रज्वलन कर्ता सुशील बेनाडा परिवार एवं कलश स्थापना करता रमेश राहुल बाकलीवाल के द्वारा हुआ । समारोह में मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रकाश चांदवाड, मंत्री राजेंद्र काला, कार्याध्यक्ष संतेंद्र पांड्या, ट्रस्ट कमेटी के अन्य सदस्य गण यशकमल अजमेरा, राजेन्द्र रावका, जय कुमार, नेमी निगोतीया, रेखा पाटनी, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा लुहाडिया, त्रिशला संभाग की कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा सेठी धार्मिक मंत्री वर्षा अजमेरा उपस्थिति रही मंगलाचरण कि प्रस्तुती सुश्री मानवी जैन ने की । 15 मई से 25 मई तक चलने वाले इस शिविर में अध्ययन श्रमण संस्कृति संस्थान के विद्वान पंडित अजित शास्त्री, बालिका छात्रावास सागानेर से सुश्री भव्या जैन, अनुभा जैन, सिमी जैन द्वारा कराया जायेगा। शिविर संयोजिका श्रीमती सुनीता पांड्या, श्रीमती मुन्ना छाबड़ा, श्रीमती शांता जैन मणि, श्रीमती सुनीता काला, श्रीमती संतोष चांदवाड, श्रीमती सविता सोगानी, श्रीमती संगीता काला है । समारोह में मँच संचालन श्रीमती चन्दा सेठी ने किया अंत मे ट्रस्ट कमेटी ए० महिला मंडल का आभार व्यक्त किया।

## जनकपुरी में ग्रीष्म कालीन धार्मिक शिक्षण शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया



### संस्थान की विदुषियाँ का किया अभिनंदन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन पाठशाला जनकपुरी में इस वर्ष के ग्रीष्म कालीन धार्मिक शिक्षण शिविर में विद्यार्थियों में शिविर के प्रति उत्साह नजर आया। शिविर में स्वाध्याय /अध्यापन के साथ विद्यार्थियों को सुसंस्कारित किया जाता है ।शिविर में पधारी संस्थान की विदुषियाँ सुश्री गरिमा , सेजल , दीपाली जैन का तिलक माला के साथ स्वागत किया गया। इतनी शक्ति हमे देना दाता बोलते हुए प्रार्थना व महेश नीना काला परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शिविर प्रारम्भ हुआ । मन्दिर समिति अध्यक्ष व पाठशाला के मुख्य संयोजक पदम जैन बिलाला ने सभी विदुषियों का परिचय देते हुए शाब्दिक स्वागत अभिनंदन किया तथा पाठशाला का संक्षिप्त विवरण बताया । पाठशाला के संयोजक सुरेश शाह, राजेंद्र ठोलिया लाल कोठी मन्दिर की उपाध्यक्ष मंजु छाबड़ा, चन्द्र मनी जैन, सुलोचना पाटनी, शर्मिला छाबड़ा आदि ने तिलक माला पहनाकर सभी का स्वागत किया । आज शिविर में बाल संस्कार भाग -१ व भाग -२ , सिद्धांत प्रवेशिका भाग-१ तथा द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम की क्लास लगी । लगभग 50 स्थानों पर शिविर श्री दिगंबर जैन महिला समिति राजस्थान आँचल की शीला डोड्या, वन्दना जैन, विनीता जैन आदि के सहयोग से लगाये जा रहे है । शिविर में नित्य प्रातः 8.30 बजे क्लास लगेगी ।

## वेद ज्ञान

## समाधान ही संयम

हर व्यक्ति समस्याग्रस्त है। कुछ समस्याएं बाहर की हैं और कुछ भीतर की। समाधान सभी चाहते हैं। एक मनीषी ने लिखा है 'यह शरीर नौका है। यह डूबने भी लगता है और तैरने भी लगता है, क्योंकि हमारे कर्म सभी तरह के होने से यह स्थिति बनती है। इसीलिए बार-बार अच्छे कर्म करने की प्रेरणा दी जाती है। हमें यह समझ लेना चाहिए कि जिस प्रकार एक डाल पर बैठा व्यक्ति उसी डाल को काटता है तो उसका नीचे गिर जाना अवश्यंभावी है, उसी प्रकार गलत काम करने वाला व्यक्ति अंततोगत्वा गलत फल पाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि आज जो बड़े कहलाने वाले लोग हैं, उनकी जीवन-शैली संयम प्रधान हो जाए तो हिंदुस्तान का कायाकल्प हो सकता है। इस संदर्भ में जब भी सोचता हूं महामात्य चाणक्य का चरित्र अनायास ही याद आ जाता है। गुप्त साम्राज्य के संस्थापक महामात्य चाणक्य बुद्धिमान, न्यायी और कूटनीतिज्ञ थे। अकेले अपने दम पर उन्होंने अन्यायी सत्ता को उखाड़ फेंका और चंद्रगुप्त को राज्य सिंहासन पर बैठाकर ऐसी सत्ता कायम की, जो आज भी स्वर्णयुग के रूप में याद की जाती है। इतने विशाल राज्य का प्रधानमंत्री होकर भी चाणक्य झोंपड़ी में रहते थे। संपत्ति के नाम पर झोंपड़ी में कुछ उपले, कुछ साधारण पात्र, साधारण बिछौना, अध्ययन के लिए कुछ ग्रंथ ही थे। एक दीया निजी कार्यों को लिए था, दूसरा राज्यकार्य में काम आने वाला। अपना कार्य करते समय चाणक्य राज्य द्वारा प्रदत्त दीपक को बुझा देते और अपना व्यक्तिगत दिया जला लेता। नैतिकता और प्रामाणिकता का यह जीवंत उदाहरण भारतीय संस्कृति में अन्यत्र तलाशने पर भी नहीं मिल सकता। आज के मंत्रियों और राज्यकर्मियों के लिए तो यह स्वप्नवत है। व्यक्तिगत जीवन की यह उत्कृष्ट शुचिता इस दुनिया में अपना उदाहरण छोड़कर शायद चाणक्य के साथ ही चली गई। सामाजिक परिवर्तन का एक अच्छा रास्ता यह है कि बड़े कहे जाने वाले लोग अपनी जीवनशैली को संयम प्रधान बनाएं। बड़े लोगों में बड़े व्यापारी उद्योगपति, सांसद, विधायक मंत्री और सामाजिक नेता-ये सभी आ जाते हैं। अगर इन लोगों के जीवन में संयम आ जाए तो नीचे तबके के लोग स्वयं प्रेरित होंगे। जिनके पास जरूरत भर के लिए भी नहीं है, उन्हें संयम का उपदेश कोई किस मुंह से दे?

## संपादकीय

# भाजपा को नींद से जगाने वाले परिणाम

कर्नाटक की एक हार ने बीजेपी को उसकी नींद से उठा दिया है। ये वो नींद है जिसने पार्टी को अति आत्मविश्वास में ला दिया था और जिस वजह से वो अपनी खुद की कई गलतियों को नजरअंदाज करती आ रही थी। कर्नाटक की एक हार ने बीजेपी को उसकी नींद से उठा दिया है। ये वो नींद है जिसने पार्टी को अति आत्मविश्वास में ला दिया था और जिस वजह से वो अपनी खुद की कई गलतियों को नजरअंदाज करती आ रही थी। लेकिन कर्नाटक के नतीजों ने बता दिया है कि बीजेपी अजेय नहीं है, पीएम मोदी का साथ होना जीत की गारंटी नहीं देता है और हर बार डबल इंजन का दांव चल जाए, ये जरूरी नहीं। लेकिन इस चुनाव ने बीजेपी को चिंता की कई और वजह दी हैं। असल में बीजेपी के लिए इस समय कर्नाटक से ज्यादा 2024 का रण जरूरी है। राज्य के चुनाव तो सेमिफाइनल की तरह चल रहे हैं, असल तैयारी बड़े मुकाबले की है। उस बड़े मुकाबले में बीजेपी को अगर फिर अपने दम पर



सरकार बनानी है तो उसे कई राज्यों में पिछली बार से भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसकी वजह ये है कि 2019 के बाद से कई राज्यों में जमीन पर सियासी समीकरण बदल चुके हैं, बीजेपी की हालत कमजोर भी हुई है। पश्चिम बंगाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने सभी को हैरान करते हुए ममता के गढ़ से 18 सीटें निकाली थीं। जिस राज्य में उसे कभी एक भी सीट नसीब नहीं होती थी, वहां उसने इतना शानदार प्रदर्शन किया। लेकिन उसके बाद 2021 के विधानसभा चुनाव हुए। बीजेपी ने टीएमसी को कड़ी टक्कर दी और पहली बार लेफ्ट को पछाड़ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी। उस चुनाव में बीजेपी को 77 सीटें मिल गई थीं। लेकिन सरकार बनाने का दावा हुआ था, जो पूरा नहीं हो सका। उस एक चुनावी हार ने बंगाल में बीजेपी में बड़ा बिखराव ला दिया। मुकुल रॉय से लेकर बाद में बाबुल सुप्रियो तक ने बीजेपी का साथ छोड़ टीएमसी के साथ जाने का फैसला किया। कई और विधायक भी पाला बदल टीएमसी में चले गए। इसी वजह से जो मजबूती बीजेपी को 2019 में बंगाल मिल गई थी, वो उसने 4 साल के अंदर काफी हद तक गंवा दी है। बीजेपी का कुछ ऐसा ही हाल बिहार में भी माना जा रहा है। जब तक नीतीश कुमार का साथ था, बीजेपी की राज्य में स्थिति सही चल रही थी, लेकिन अब क्योंकि सीएम एक बार फिर आरजेडी के साथ चले गए हैं, ऐसे में जो समीकरण बने हैं, वो बीजेपी के लिए बिल्कुल भी मुफीद साबित नहीं हो रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने बिहार में जेडीयू के साथ मिलकर 40 में से 39 सीटें जीती थीं, लेकिन अब जब नीतीश साथ नहीं हैं, ये आंकड़ा काफी घट सकता है। इंडिया टुडे के एक सर्वे के मुताबिक आगामी लोकसभा चुनाव में यूपीए को बिहार में 25 सीटें मिल सकती हैं और बीजेपी का आंकड़ा 15 पर सिमट सकता है। इसी तरह महाराष्ट्र से भी लोकसभा की 48 सीटें निकलती हैं, पिछली बार बीजेपी ने 23 सीटों पर जीत दर्ज की थी, साथ में शिवसेना भी थी, ऐसे में उसके अच्छे प्रदर्शन का फायदा भी पार्टी को मिला।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# बढ़ गया कद...

कांग्रेस की इस प्रचंड जीत ने साबित कर दिया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ही कर्नाटक में कांग्रेस के लिए वो एक्स फैक्टर साबित हुए जिस वजह से पार्टी को निर्णायक बढ़त मिली और उसने आसानी से बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित जीत ने सिर्फ पार्टी को एक सियासी बूस्टर डोज देने का काम नहीं किया है, इस चुनाव ने कई दूसरे चीजों को साबित भी कर दिया है। असल में ये चुनाव जितना कांग्रेस पार्टी के लिए जरूरी बताया जा रहा था, उतना ही जरूरी ये अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए रहा। असल में पिछले साल 26 अक्टूबर को मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के अध्यक्ष बनाए गए थे। दो दशक बाद ऐसा मौका आया था जब किसी गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति को ये पद दिया गया हो। लेकिन तब जानकार मानकर चल रहे थे कि खड़गे **''रिमोट कंट्रोल''** अध्यक्ष होंगे और असली पावर गांधी परिवार के पास ही रहने वाली है। अब कर्नाटक चुनाव के जो नतीजे आए हैं, उन्होंने उन जानकरों को आत्ममंथन करने के लिए एक और मौका दे दिया है। कांग्रेस की इस प्रचंड जीत ने साबित कर दिया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ही कर्नाटक में कांग्रेस के लिए वो एक्स फैक्टर साबित हुए जिस वजह से पार्टी को निर्णायक बढ़त मिली और उसने आसानी से बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया। इस चुनाव में कांग्रेस की झोली में 135 सीटें गई हैं, वहीं बीजेपी के रथ को 65 सीटों पर रोक दिया गया और जेडीएस 19 सीटों पर सिमट कर रह गई। इस जीत में मल्लिकार्जुन खड़गे की निर्णायक भूमिका इसलिए मानी जा रही है क्योंकि इस चुनाव में कांग्रेस को दलित वोटरों का खुलकर साथ मिला है। पिछले कुछ सालों में ये देखा गया है कि समुदाय बीजेपी की ओर शिफ्ट हुआ है। पीएम मोदी की कई योजनाओं ने 2014 के बाद से इस वोटर को बीजेपी के पाले में लाकर खड़ा कर दिया है। कई चुनावों में यहीं ट्रेंड देखने को भी मिल रहा था, पिछले कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी दलितों का अच्छा खासा वोट बीजेपी के पास गया था। लेकिन इस बार तस्वीर बदल गई है, कर्नाटक की जो आरक्षित सीटें हैं, वहां पर कांग्रेस का प्रदर्शन बीजेपी के मुकाबले काफी बेहतर रहा है। कर्नाटक में 36 सीटें अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व्ड हैं, यहां पर इस बार कांग्रेस ने 21 सीटें जीती हैं और बीजेपी को सिर्फ 12 सीटों पर रोक दिया है। इसी तरह अनुसूचित जनजाति की कर्नाटक में 15 सीटें आरक्षित हैं, आंकड़े बताते हैं कि यहां पर पूरी तरह कांग्रेस का दबदबा रहा है। उसने 14 सीटें अपने नाम की हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में इन्हीं 36 सीटें आरक्षित सीटों पर बीजेपी का बोलबाला था। उसने 17 सीटें जीत ली थीं, वहीं तब कांग्रेस सिर्फ 12 सीटें जीत पाई थी, यानी इस बार गेम पूरी तरह पलट गया है। हैदाराबाद कर्नाटक में दलित वोट सबसे ज्यादा निर्णायक है, यहां की 31 सीटों में से कांग्रेस ने 16 पर जीत दर्ज की है, वहीं बीजेपी का आंकड़ा 10 पर रुक गया है। इसी तरह मुंबई कर्नाटक जो बीजेपी का गढ़ माना जा सकता है, वहां पर 50 सीटों में से कांग्रेस ने इस बार 31 सीटें अपनी झोली में डाली हैं और बीजेपी को सिर्फ 17 सीटें मिली हैं।



# सोनागिर पर्वत पर गूंजे चन्द्रप्रभु के जयकारे


## आर्यिका स्वस्तिभूषण का सोनागिर में भव्य प्रवेश, 01 जून को होगा सहस्त्रकूट जिनालय का शिलान्यास



**मनोज नायक. शाबाश इंडिया।** सोनागिर जी, ग्वालियर । जैन साध्वी गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ससंघ का श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर जी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। परम पूज्य गुरुदेव सिंहरथ प्रवर्तक, त्रिलोकतीर्थ प्रणेता, पंचम पट्टाचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या गणिनी आर्यिका श्री लक्ष्मीभूषण माताजी एवं विदुषी लेखिका, स्वस्तिधाम प्रणेत्री गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी ससंघ का 13 वर्षो के लंबे अंतराल के बाद 14 मई को प्रातः कालीन वेला में श्री सोनागिर सिद्धक्षेत्र में तीर्थबन्दना हेतु भव्य मंगल प्रवेश हुआ । श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र सोनागिर कमेटी के अध्यक्ष योगेश जैन (खतौली बाले) दिल्ली, मंत्री बालचन्द जैन ग्वालियर ने अपनी पूरी टीम के साथ क्षेत्र की सीमा पर पहुँचकर पूज्य आर्यिका संघ की अगवानी की । पूज्य आर्यिका संघ को बैंडबाजों, ढोल तांसों के साथ शोभायात्रा के रूप में भव्य प्रवेश कराया गया। सोनागिर जी में विराजमान क्षुल्लिका पूजाभूषण एवं क्षुल्लिका भक्तिभूषण माताजी ने पूज्य आर्यिका संघ की अगवानी की। विशाल जनसमुदाय के साथ ही पूज्य आर्यिका संघ ने तीर्थराज सोनागिर पर्वत की वन्दना की । पर्वत पर भगवान श्री चन्द्रप्रभु के अभिषेक, शांतिधारा, पूजन के पश्चात गणिनी आर्यिका गुरुमां श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने अपनी अमृतमयी वाणी में सभी को शुभाशीष प्रदान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनागिर में श्री सहस्त्र कूट जिनालय की स्थापना की जाएगी । जिसका शिलान्यास 01 जून को होना प्रस्तावित है । अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन अम्बाह एवं भागचंद सुनीलकुमार भण्डारी मुरेना ने नवनिमार्णाधीन सहस्त्र कूट जिनालय में एक एक प्रतिमा स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की। श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर कमेटी, स्याद्वाद शिक्षण परिषद, लंबेचू धर्मशाला कमेटी, बीसपंथी धर्मशाला कमेटी सहित सभी संस्थाओं ने पूज्य आर्यिका संघ के पाद प्रक्षालन करते हुए आरती उतार कर अगवानी की । पूज्य माताजी के मंगल प्रवेश के समय अपार जनसमुदाय मौजूद था। गुरुमां के भक्त महेंद्र जैन (दुहिया वाले) मुरार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूज्य आर्यिका संघ को श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर कमेटी, जैन समाज एवं जैन मिलन डबरा, जैन युवा सेवा मंडल मुरार, ज्ञानतीर्थ परिवार, सकल जैन समाज मुरेना, जैन समाज अम्बाह ने चातुर्मास हेतु श्रीफल अर्पित किया। मंगल प्रवेश के समय मुरार, लश्कर, ग्वालियर, मुरैना, डबरा, अंबाह, दिल्ली, करेरा एवं गोपाल दिगम्बर जैन संस्कृत विद्यालय मुरेना के छात्रों सहित सैकड़ों की संख्या में विभिन्न शहरों से आये हुये गुरुमां के भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर योगेश जैन (खतौली वाले) दिल्ली, बालचंद जैन ग्वालियर, राजेंद्र जैन एडवोकेट, मूलचंद जैन ठेकेदार, जिनेश जैन अम्बाह, आनन्द जैन (खेकड़ा बाले) दिल्ली, योगेश जैन (खोआ वाले), मडेन्द्र जैन, सौरभ जैन (बड़ा गांव), भानु प्रकाश जैन नेताजी, दिनेश चंद जैन (ऐसा वाले), श्री दिगंबर जैन पंचायती कमेटी मुरार के सभी सदस्य गण, ज्ञानतीर्थ परिवार एवं मुरैना से ब्र.बहिन अनीता दीदी, ललिता दीदी, भागचंद भण्डारी, महेशचंद बंगाली, धर्मेंद्र जैन एड., राजकुमार जैन, पदमचंद जैन, महेश जैन, सुनील जैन, शैंकी जैन, सुनीत जैन, डबरा से क्षेत्रीय संयोजक मनोज जैन एकांत, क्षेत्रीय शाखा संयोजक संजय जैन (मगरोनी वाले), रितेश जैन, राजू जैन, प्रेमचंद जैन, अमित जैन, कपूरचंद जैन, नवीन कुमार जैन एवं डबरा महिला मंडल सहित सैकड़ों की संख्या में सभी शैलियों के साधर्मी बन्धु मौजूद थे ।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...

## हम उस देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है। दुनियाभर में युवाओं से हरा भरा देश यदि कोई है, तो वो भारत देश है...



**शाबाश इंडिया**

जहाँ 65 प्रतिशत युवा यानि 75 करोड़ भारत में 35 वर्ष से कम उम्र के युवा है। हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत युवा है। यही कारण है कि दुनिया भारत के भविष्य को लेकर मुतमईन है। हम भारतीय संस्कृति के होनहार, समझदार, सभ्य युवराज हैं। ये अलग बात है कि हमारे देश के युवा मोबाइल, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम में या श्रीमती को खुश करने में 65 प्रतिशत टाइम पास करते हैं। हमारे देश का युवा यदि ठान ले तो पत्थर में छेद करदे, पानी में आग लगा सकते हैं। हमारे युवाओं ने वक्त-वक्त पर अपनी दृढ़ संकल्प और समर्पण का परिचय दिया है। चुनौतियों को स्वीकार करने और अनेक बाधाओं के बावजूद सफल होने के जुनून और कुव्वत हमारे देश के भारतीयों में है। आज अमेरिका - आपस में बट रहा है। यूरोप - संकीर्ण विचारधाराओं के कारण बुजूर्ग हो रहा है। रूस - भारत की संस्कृति, सदभाव, प्रेम, मैत्री को आत्मसात कर रहा है। चीन - अपने ओवर स्मार्टनेस के कारण सबको दुश्मन बना रहा है। भारत - सबका सिरमौर बनकर उभर रहा है। देश के चालक और संचालक युवाओं के भविष्य को लेकर चिन्तित और परेशान हैं कि वो अपना ध्यान सही दिशा में लगाएँ। भारतीय नौजवान यदि कार्य बल, कार्य कौशल से अपनी महत्वपूर्ण भुमिका निभाते हैं तो वो सफलतापूर्वक हासिल कर सकते हैं,, जिसकी हम आप कल्पना भी नहीं कर सकते। क्योंकि आने वाले समय में आटोमेशन की कई नौकरियों को खत्म कर देगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानि आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स की मदद से कारें चलेगी, ड्रोन से उत्पादन वा सेवा मुहैया कराए जायेंगे और इलेक्ट्रिकल व हाइड्रोजन इंजन काम आयेंगे। आज के नौजवानों को खुद से पूछना चाहिए कि क्या वे इस आर्टिफिशियल दुनिया का सामना करने को तैयार है...।

**नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# जैन सोश्यल ग्रुप कीर्ति का शपथ-ग्रहण समारोह




## मदर्स डे पर हुये कार्यक्रम

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप कीर्ति का मदर्स डे पर ग्रुप के दम्पत्ति सदस्यों एवं बच्चों ने बहुत ही भावुक प्रस्तुतियां दी जिसे देखकर उनके अभिभावक एवं उपस्थित श्रोतागण भाव विभोर हो गये। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को ग्रुप द्वारा आकर्षक उपहार दिये गये। इसके पश्चात नार्दन रीजन के संयुक्त सचिव एवं ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार जैन ने मनोज गंगवाल को अध्यक्ष पद एवं ग्रुप के पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिन्हें ग्रुप परामर्शक ने पदस्थापित किया। शपथग्रहण के पश्चात लाईव बैण्ड द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी जिस पर उपस्थित दर्शक झूम उठे। इससे पूर्व ग्रुप संयुक्त सचिव ललित - तारामणि पाटनी द्वारा 10वीं एवं 12वीं के मेघावी बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। ग्रुप द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार जैन को संयोजकगण अतुल- प्रियंका पाटोदी, ललित-तारामणि पाटनी, मीनाक्षी - योगेश गंगवाल एवं सह-संयोजक रजनीश-विभा अजमेरा थे। मंच संचालन श्री अक्षय जैन ने किया। ग्रुप सचिव रीना गोदिका ने सभी का आभार प्रकट किया।

# आर्यिका रत्न गरिमा मति माताजी आर्यिका गंभीर मति माताजी सघंस्थ नव दीक्षार्थी डा.उर्वशी दीदी की निवाई की पावन धरा पर निकाली भव्य बिंदोरी एवं शोभा यात्रा

## सकल दिगम्बर जैन समाज की अगुवाई में दीक्षार्थी दीदी का किया ऐतिहासिक अभिनंदन बिनोरी एवं पंचमेवा से गोदभराई का हुआ भव्य आयोजन




**विमल जौंला. शाबाश इंडिया।**

**निवाई।** आर्यिका रत्न गरिमामति माताजी आर्यिका निवाई गौरव गंभीरमति माताजी संघस्थ नव दीक्षार्थी डा.उर्वशी दीदी का निवाई की पावन धरा पर दीक्षा पूर्व भव्यता के साथ समाज ने ऐतिहासिक अभिनंदन किया। जैन समाज के मिडिया प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज ने डॉ. उर्वशी दीदी की मेहन्दी रस्म अदा कर पंचमेवा से छोल भराई की कार्यक्रम में आचार्य इन्द्र नन्दी महाराज एवं क्षमानन्दी महाराज के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से डॉ.उर्वशी दीदी का दीक्षा पूर्व अभिनंदन बिनोरी व गोद भराई समारोह आयोजित किया गया। जौंला ने बताया कि दीक्षार्थी डॉ. उर्वशी की जैनेश्वरी दीक्षा 1 जून 2023 को आर्यिका गरिमामति माताजी एवं आर्यिका गंभीरमति माताजी संघस्थ सानिध्य में डिमापुर नागालैंड में आयोजित होगी। दीक्षार्थी उर्वशी दीदी की भव्य अगवानी बैंड बाजा, ढोल धमाकों के साथ जयकारों के बीच महिलाओं ने नाचते-गाते हुए की। प्रवक्ता सुनील भाणजा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत दीक्षार्थी उर्वशी दीदी को बग्गी मे बिठाकर दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बडा.जैन मंदिर से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई सन्त निवास नसियां जैन मंदिर पहुंची जहाँ समाज द्वारा पंचमेवा से क्षोल भराई की गई।




# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति ने नि:शुल्क दिखाई मूवी केरला स्टोरी

## 616 लोगो ने देखी मूवी जिनमे 450 से अधिक थी महिलाएं

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति ने मूवी केरला स्टोरी का प्रातः 9 बजे का शो फर्स्ट सिनेमा टोक रोड की दोनो स्क्रीन पर निशुल्क दिखाई। ग्रुप अध्यक्ष राकेश-समता गोदिका ने बताया कि ग्रुप कार्याध्यक्ष मनीष - शोभना लोंग्या, सयुक्त सचिव राजेश - रानी पाटनी, ग्रुप के सदस्य राजेश - जेना गंगवाल, विनोद - शशि तिजारिया, आशीष - निधि जैन के द्वारा दिये गये सहयोग से यह फिल्म निशुल्क दिखाई गई। उपाध्यक्ष राकेश - रेणु संघी व सचिव अनिल - निशा संघी ने बताया कि फिल्म में अधिकांशतया समाज की बेटियों व महिलाओं को आमंत्रित किया गया था जिनमे प्रमुख रूप से महिला महासमिति की श्रीमती अंजना जैन के नेतृत्व में 100 सदस्य, संगिनी केपिटल संस्थापक अध्यक्ष विनीता जैन व पूर्व अध्यक्ष समता गोदिका के नेतृत्व में 55 सदस्य तथा राजकीय वूमेन पॉलीटेक्निक कॉलेज गांधीनगर जयपुर की 120 छात्राओं के साथ साथ टीचरस ने श्रीमती शिल्पी बाकलीवाल जैन रिटायर्ड लेक्चरर कॉमर्शियल आर्ट के नेतृत्व में मूवी देखी तथा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के प्रयासों की बहुत प्रशंसा की। फिल्म में सन्मति ग्रुप के सदस्यों के साथ साथ समाज के अनेक गणमान्य सदस्यो को भी आमंत्रित किया गया था। कार्याध्यक्ष मनीष- शोभना लोंग्या व सयुक्त सचिव राजेश - रानी पाटनी ने बताया कि सर्वप्रथम सभी को प्रातः आते ही अल्पाहार दिया गया तथा 9.15 बजे प्रथम स्क्रीन पर तथा 9.45 पर द्वितीय स्क्रीन पर फिल्म दिखाई गई। श्रीमती शिल्पी बाकलीवाल ने सन्मति ग्रुप के इस सुंदर समाजोपयोगी प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने लोगो से विशेष रूप से माताओं से अपील की कि सभी अपने बच्चो को जन्म से ही अपने धर्म की उचित शिक्षा दे ताकि वे दिगभ्रमित नहीं हो तथा यह फिल्म सभी देखे, विशेष रूप से लड़कियों को यह मूवी जरूर दिखाएं।







# क्षेत्रीय अधिवेशन में सहेली मंच हुई पुरस्कृत



**बूँदी. शाबाश इंडिया।** जयपुर के तन्मय ने मदर्स डे पर बेहतरीन कविता के साथ सभी को भावुक कर दिया और इसके लिए तन्मय को पुरस्कार से भी नमाजा गया ।मौका था बूंदी में पुलक मंच ( जोन - 4 ) द्वारा आयोजित 16वें क्षेत्रीय अधिवेशन का जहाँ सहेली मंच शाखा को सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिए पुरस्कृत किया गया जिसमें सहेली मंच की अध्यक्ष नीरा जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रियंका जैन भी उपस्थित रही ।



# धार्मिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

तीनों नसियां जैन महिला मंडल द्वारा श्री दिगम्बर जैन श्रवण संस्कृति संस्थान जयपुर के सौजन्य से ग्रीष्म कालीन धार्मिक प्रशिक्षण शिविर का बजो की नसियां, तीनों नसियां जयपुर में शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता जैन पार्षद वार्ड नं 21, जयपुर नगर निगम हैरिटेज जयपुर ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला छात्रावास, सांगानेर से अध्यापन कराने के लिए पधारी सुश्री मिती जैन ने मंगलाष्टक से शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। मंडल अध्यक्ष श्रीमती अंजना शाह, मंत्री श्रीमती किरण दीवान और शिविर संयोजक सुनिता जैन ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य, भजन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विश्व मातृ दिवस पर सभी माताओं का तिलक लगा व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक–ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई–मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया



shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# जैन पंचायत ने श्री सुधासागरजी महाराज को श्री फल भेंट किए

## प्रजातंत्र में व्यवस्थाएं वोट से बनती है यही गुण सबको पसंद है: मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

नव निर्वाचित पंचायत सदस्यों के साथ सैकड़ों भक्तो ने बरुआ सागर झांसी में विराजमान मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज को अशोक नगर जिले में पदार्पण की भावना को लेकर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, मंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, थूवोनजी तीर्थ अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू, महामंत्री विपिन सिंघाई, मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा, उमेश सिघई सहित सैकड़ों भक्तों ने श्री फल भेंट कर अशोक नगर में चातुर्मास करने का निवेदन करते हुए श्री फल भेंट किए ।

## नये ऊजार्वान लोगों को मौका मिले तो अच्छा काम होगा

इसके पहले मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने नव निर्वाचित सदस्यो व भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रजातंत्र की विशेषता है कि यहां नये ऊजार्वान लोगों को मौका मिलता है प्रजातंत्र में कोई हारता जीतना नहीं है ये इसकी खुबसूरती विकास के लिए नित नये प्रयोग होते रहते हैं नये लोगों की करने को जो उमंग है वह कार्य रूप में बदल कर समाज को एक नई दिशा दे सके पंचायतें तो हर नगर में है लेकिन अशोक नगर व ललितपुर की विशेषता है कि यहां हर मन्दिर धर्मशालाये एक झंडे के नीचे कार्य करतीं हैं। ये समाज की आदर्श परम्परा है राजतंत्र में परिवर्तन होता ही नहीं है प्रजातंत्र बनाया ही इसलिए गया है। समाज में कुछ ऐसा करें कि लोग आपको याद रखें कि इसमें समय समय पर परिवर्तन होता रहें हारने वालों को ये सोचना चाहिए कि हमने इतने दिन सेवा की अव नये लोग सेवा करेंगे जीतने वालो को सोचना चाहिए कि हम अब कुछ नया कर सके इसलिए तो अवसर मिला है हार जीत तो कुश्ती में होती है ये तो सेवा का क्षेत्र जहां आपकी अपनी पूरी ताकत लगाकर समाज को कुछ देना है समाज में कुछ ऐसे अच्छे काम करें कि लोग आपको आपके काम से पहचाने काम से जिसकी पहचान बनाती है वे लोग हमेशा याद किए जाते हैं। अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि गुरु देव आपके आशीर्वाद से सेवा का मौका मिला है इसको सार्थक करने के लिए आपका चातुर्मास अशोक नगर में हो ऐसी हमारी प्रार्थना है। मंत्री राकेश अमरोद ने कहा कि प्रचंड बहुमत से निर्वाचित होने के वाद ये भक्तों का विशाल समूह आपसे वर्षावास का निवेदन लेकर आये है।

# आईटी ट्रेनिंग कंपनी टेक्नोग्लोब ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान की अग्रणी आईटी ट्रेनिंग कंपनी को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी इंग्लैंड के मुख्य टाउन हॉल में उच्च स्तर की ट्रेनिंग एवम प्लेसमेंट के लिए सम्मानित किया गया। यह अवार्ड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. शीराज खान ने कंपनी की ओर से लिया । इस कार्यक्रम में ऑक्सफोर्ड शहर के मेयर, यूनिवर्सिटी के वीसी व विश्व के कई देशों की नामी यूनिवर्सिटीज के वाइस चांसलर्स एवम अन्य उच्चाधिकारी भी शामिल हुए। कंपनी की जनरल मैनेजर डॉ. चैरी जैन ने बताया कि विश्व भर से आए शिक्षा जगत की नामी हस्तियों ने इस कार्यक्रम मे टेक्नोग्लोब के कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि यह अवार्ड मिलना हमारी कंपनी के लिए बहुत बड़े गर्व की बात है । टेक्नोग्लोब के कुल 35 सेंटर्स है जहां विद्यार्थियों को जॉब ओरिएंटेड प्रशिक्षण करवा कर जॉब दिलवाए जाते हैं।



# पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, हीरा पथ मानसरोवर, जयपुर में धार्मिक संस्कार शिविर का शुभारंभ



## दीप प्रज्वलन श्रेष्ठि गुलाब चंद सुभाष चंद गंगवाल ने किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर , हीरा पथ मानसरोवर, जयपुर में धार्मिक संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ। श्री दिगंबर महासमिति राजस्थान अंचल प्रथम संभाग मानसरोवर की अध्यक्ष तारा मणि गोधा ने बताया कि धार्मिक संस्कार शिविर का आगाज मंगलाचरण और जिनेन्द्र पूजा अर्चना के साथ हुआ। कार्य क्रम में ब्रह्मचारी दीपकराज जी व मंदिर जी के अध्यक्ष सुभाष गंगवाल द्वारा बच्चों को उद्बोधन दिया गया। उन्होंने जैन धर्म की महत्ता के बारे में सभी को बताया। चित्र अनावरण राकेश परिवार और दीप प्रज्वलन गुलाब चंद सुभाष चंद गंगवाल के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भावना की गई कि हम सबके जीवन में भी ज्ञान की ज्योति सदैव प्रज्वलित रहे । श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से आई विदुषी सुश्री सृष्टि , सुश्री अंजलि का माला तिलक लगाकर सम्मान किया गया। गणमान्य श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति में बच्चों को पाठ्यक्रम और प्रभावना वितरित की गई। हम सभी साधर्मी जन का आभार प्रकट करते हैं कि आपका सहयोग हमेशा हमें मिलता रहेगा अंत में जिनवाणी स्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ मंच संचालन पिंकी कासलीवाल के द्वारा किया गया। शिविर संयोजक जोली जैन, साधना ठोलिया सुनीता छाबड़ा को बनाया गया है।

# बच्चे-बच्चियों को कार नहीं संस्कार अवश्य दें -श्राविका शिरोमणि सुशीला पाटनी





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संस्कार शिक्षण शिविर का उदघाटन पद्मावती कॉलोनी ए स्थित नवनिर्मित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्राविका शिरोमणि श्रीमती सुशीला पाटनी द्वारा श्रमण संस्कृति संस्थान के सहयोग द्वारा श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान के संस्कार शिक्षण शिविर का दीप प्रज्वलन और संत शिरोमणि आचार्य विद्या सागर महाराज का चित्र अनावरण कर शुभारंभ किया गया। श्रीमती सुशीला पाटनी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर समस्त गणमान्य उपस्थित सधर्मी बंधुओं और श्री शांतिवीर दिगंबर जैन अहिंसा ट्रस्ट द्वारा श्रीमती सुशीला पाटनी का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ा कर हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस पुनीत अवसर पर श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की राजस्थान अंचल अध्यक्षा श्रीमती शालिनी बाकलीवाल की गौरवमयी उपस्थिति रही। श्रीमती सुशीला पाटनी ने अपने संबोधन में समाज में वयस्क होती बच्चियों के सुदृढ़ भविष्य निर्माण हेतु उनकी माताओं से अपनी बच्चियों को सही दिशा देने का संदेश दिया । उन्होंने कहा कि आज धर्म -अधर्म का ज्ञान लुप्त होता जा रहा है। आज के इस भौतिक युग के परिप्रेक्ष्य में इन संस्कार शिक्षण शिविरों की महत्ति आवश्यकता है। बच्चियों के पहनावे पर माताओं तथा अभिभावकों को ध्यान रखना चाहिए। उन की स्वतंत्रता पर कुछ अंकुश रखना चाहिए। ताकि संस्कारों के अभाव में वो भटके नहीं। श्रीमती विमला ठोलिया ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# चंदनबाला महिला मण्डल के चुनावों में नीता बाबेल निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत

## मंत्री रजनी सिंघवी सहित महिला मण्डल की नई टीम गठित

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**



भीलवाड़ा। शहर के शास्त्रीनगर स्थित अहिंसा भवन के चंदनबाला महिला मण्डल के चुनावों में वरिष्ठ सुश्राविका नीता बाबेल को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी स्मिता पीपाड़ा के निर्देशन में सम्पन्न चुनाव प्रक्रिया में निर्विरोध संरक्षक मंजू बाफना, मंजू पोखरना, सलाहकार उमा आंचलिया, कमला चौधरी, उपाध्यक्ष वनिता बाबेल, मंत्री रजनी सिंघवी, सह मंत्री वंदना लोढ़ा, कोषाध्यक्ष सुनीता झामड़, प्रचार प्रसार मंत्री आशा संचेती, शिक्षा मंत्री सरोज मेहता, संगठन मंत्री रश्मि लोढ़ा चुने गए। निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत होने पर नीता बाबेल ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेंगा कि जिस उम्मीद के साथ महिला मण्डल ने मेरा निर्विरोध मनोनयन किया है उस पर खरी उतर सकू। इसके लिए आप सभी का सहयोग अत्यंत जरूरी होंगा। उन्होंने कहा कि अहिंसा भवन श्रीसंघ के सरंक्षक हेमंत आंचलिया, अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल, मंत्री रिखबचंद पीपाड़ा, निवर्तमान अध्यक्ष अशोक पोखरना सहित सभी वरिष्ठ सुश्रावकों का सहयोग लेकर उनके मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। आगामी चातुर्मास में चंदनबाला महिला मण्डल पूरा प्रयास करेगा कि जप, तप, भक्ति के विभिन्न आयोजनों के माध्यम से धर्म संदेश जन-जन तक पहुंच सके। जिनशासन की प्रभावना एवं श्रीसंघ की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए सब मिलकर कार्य करेंगे। बैठक में चंदनबाला महिला मण्डल की निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिमा बंब, सुशीला छाजेड, निधि साँड ,मीना कोठारी ,लता कोठारी, आशा रांका,शिल्पा लोढ़ा, अन्नू बाफना संजुलता बाबेल,विपुला जैन,अंजना सिसोदिया,उषा बाबेल,नीलू खटोड़, मधु बिरानी,रेखा कोठारी, वन्दना छाजेड, मंजु बंब,प्रीति पोखरना,कोमल सालेचा, कैलाश चौधरी, विमला खटोड़ सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# जैन इन्जिनियरिंस संगठन का तृतीय सम्मेलन गोष्ठी एवं सेमिनार संपन्न



**गाजियाबाद. शाबाश इंडिया**

जैन इन्जिनियरस संगठन ( रजिस्टर्ड ) का अभी हाल ही तृतीय सम्मेलन गोष्ठी एवं सेमिनार गाजियाबाद शाहबाद देहली में देहली एन सी आर की एस के मोहित बैंकट हाल में सैकड़ों इन्जिनियरिंस इन्डस्ट्रियलिस्ट विभिन्न जैन समाज के पदाधिकारियों समाज सेवकों तथा विभिन्न मंदिरों के अध्यक्ष मंत्रियों तथा बड़े बड़े तीर्थ क्षेत्रो के पदाधिकारियों की उपस्थितियों में शानदार प्रदर्शन व प्रबंध के साथ यादगार बन गया। देहली जैन समाज के प्रतिनिधि हस्तिनापुर बड़े दिंगम्बर जैन मन्दिर के जिवेन्दर जैन, रुड़की आई आई टी के सिविल ब्रांच के हेड सांसद जैन विद्वान अनेकान्त, रेल्वे बोर्ड के सदस्य व भारी संख्या में सैकड़ों सम्मिलित इन्जिनियरिंसो ने बड़े उत्साह से हमारे परम पूज्य 108आचार्य क्षुर्त सागर जी महाराज अपने संघ सहित मार्ग दर्शक के रूप में उपस्थित रह कर आशीर्वाद प्रदान किया। जैन इन्जिनियरिंस संगठन ने मन्दिरों के समुचित विकास व निमार्ण करते हुए सभी व्यवस्थाओं को सम्मिलित करते हुए सन्त भवन पैथोलॉजी आंखों कान नाक हर्दय दांतों मेडिसिन मेडिकल स्टोर योगा राष्ट्रीयगान जन गण मन निमार्ण किये गये मन्दिर में सभी सुविधायुक्त व्यवस्था है। साथ ही जैन इन्जिनियरिंस संगठन द्वारा प्रतिदिन 500 व्यक्तियों को मात्र 5/रु में देशी घी से निर्मित भोजन उपलब्ध कराया जाता है वातावरण सुधार हेतु पेड़ पौधों का संरक्षण करतें हुए तुलसी का पौधा रू 21/में प्रदान किया जाता है।

# प्रवीण बडोला दुसरी बार अध्यक्ष बने

## समता युवा संघ का वार्षिक अधिवेशन समाप्त



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया।**
ब्यावर। जवाहर भवन मे आज रविवार को दोपहर मे वार्षिक अधिवेशन व चुनाव सम्पन हुए जिसमे आय व्यय का हिसाब प्रस्तुत किया गया । बाद मे अगले दो साल के लिए चुनाव कराये गये जो सर्व सम्मति से प्रवीण बडौला को 2023-25 तक बनाया गया। अब अपने अधिकारो से विभिन्न समतिया व कार्यकारणी शीघ्र बनायी जायेगी। इससे पहले सुबह साधुमार्गी जैन के समस्त पदाधिकारी व समता युवा संघ के फैमिली सदस्यो की सामूहिक गोठ रखी गयी।

# श्री केसरिया पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक शिविर का उद्घाटन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज 15 मई को श्री केसरिया पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में बच्चों के लिए एवं बड़ों के लिए धार्मिक कक्षाएं लगाई जा रही हैं। शिविर में पढ़ाने के लिए श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से श्रमण संस्कृति संस्थान से विदुषी छात्रा आ रही है। शिविर में प्रतिदिन दीप प्रज्वलन, बच्चों को पुरस्कार वितरण एवं अल्पाहार वितरण किया जाएगा।

# युवा जैसा जोश-स्फूर्ति ही सफलता का राज: बाबूलाल सैनी

## सफल समाजसेवी - कारोबारी मना रहे शादी की 70वीं वर्षगांठ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परिवार तथा व्यवसाय के बाद समाजसेवा में समर्पित रहने वाले बी. एल. ग्रुप के प्रबंध निदेशक बाबूलाल सैनी और उनकी धर्मपत्नी भवरी देवी सोमवार को अपनी शादी की 70वीं वर्षगाठ मनाएंगे। वर्षगाठ की पूर्व संध्या पर सैनी ने कहा कि इंसान को व्यवसाय में नफा-नुकसान की चिंता किए बिना हमेशा टेंशन मुक्त रहना चाहिए। जो भाग्य में है वह कहीं नहीं जाता और जो भाग्य में नहीं है, उसे कोई दे नहीं सकता, तो फिर क्यों इंसान धन रूपी दानव की ओर भागता है इंसान को हमेशा सकारात्मक विचार ही मन में लाने चाहिए. जिससे हमेशा उसे खुशी मिलती रहे। सैनी ने कृषि कार्य के साथ-साथ व्यवसाय को उच्चतम शिखर पर पहुंचाने के लिए न सिर्फ मेहनत की चरन उसे सफल बनाने के लिए ईमानदारी और भाईचारे को बढ़ावा देते हुए कार्य किया। बस इसी मेहनत और कुशल व्यवहार के दम पर आज वे स्वयं को हर क्षेत्र में अग्रणी मानते है। 17 अक्टूबर 1934 में जन्मे सैनी 16 मई 1953 में नागौर जिले के मारोठ कस्बे में वैवाहिक बंधन में बंधे। सैनी का जज्बा आज भी एक युवा नौजवान की तरह है। वहीं उनकी धर्मपत्नी भवरी देवी भी उनके प्रत्येक कार्य में कंसे से कथा मिलाकर सहयोग ही नहीं वर-परिवार को भी अब तक तक एकता और भाईचारे के मूल मंत्र में पिरोए हुए है। उन्होंने रेजीडेंसी स्कूल से मिडिल और महाराजा हायर सैकंडरी स्कूल से मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद 1953 में मदनलाल के नाम से दाल मिल की स्थापना की। इसके बाद 1977 में बीकेआई में बीएल दाल मिल, 1985 में मानसरोवर में राजकमल दाल मिल, 1978 में चौड़ा रास्ता में राजकमल शोरूम, 1982 में एमआई रोड पर राजरतन शोरूम, 1990 में बीएल होटल प्रथम बरकत नगर, 1993 में होटल बीएल टोक फाटक, 2001 में बीएल गेस्ट हाउस, 2011 में सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में बीएल दाल मिल की स्थापना की। इसके अलावा वर्तमान में ग्रुप की बीएल साड़ी, बीएल सूट्स और बीएम साड़ी जैसी प्रसिद्ध फर्मे उनके पुत्र और पौत्र संचालित कर रहे हैं।



# श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर 10-b स्कीम जयपुर में धार्मिक संस्कार शिविर आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर 10-ु स्कीम जयपुर में धार्मिक संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में चित्र अनावरण निहालचंद जैन दीप प्रज्वलन इंदर मल बाकलीवाल एवं परिवार द्वारा किया गया । इसमें मंगलाचरण की स्तुति अनुश्री पुत्री नितिन जैन द्वारा की गई । संत सुधा सागर बालिका छात्रावास से पधारी विदुषी आराध्या जैन एवं रिया जैन दीदी ने अध्ययन के महत्व को समझाते हुए नियमित बच्चे, युवाओं एवं सभी को शिविर में आने का आग्रह किया। शिविर में मंदिर के अध्यक्ष निहालचंद जैन, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र काला, मंत्री जितेंद्र कुमार जैन संयुक्त मंत्री जीवन कुमार जैन, कोषाध्यक्ष रोशन लाल जैन एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति अशोक गोधा, राजेश सोगानी, श्रीमती मुन्नी काला मौजूद रहे । शिविर के संयोजक श्रीमती संगीता काला,निर्मला जैन, अंजू जैन एवं समाज के गणमान्य महिलाओं एवं पुरुषों ने अपनी उपस्थिति देकर समस्त अध्ययन करने वालों का उत्साह वर्धन किया। सभी बच्चे बहुत उत्साहित थे सभी से शिविर में नित्य आने का आग्रह किया शिविर मंदिर में 7:30 से चलेगा।

## महज एंकरिंग ही नहीं, जिंदगी जीने का सलीका भी सिखा रही सूत्रधार कार्यशाला



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

गणगौर घाट स्थित बागौर की हवेली में चल रही सात दिवसीय सूत्रधार कार्यशाला में सोमवार को पहले सत्र में कार्यशाला के सह समन्वयक दुर्गेश चांदवानी ने प्रतिभागियों को मंच संचालन की प्रभावशाली क्रियाओं में शेरो शायरी, गीत कविता और छंदों के प्रयोग पर प्रकाश डाला। इसी सत्र की दूसरी कड़ी में वरिष्ठ रंगकर्मी विलास जानवे ने सांसों के उतार चढ़ाव और कार्यक्रम के मुताबिक आवाज की लोच संग चेहरे की भाव मुद्रा को नियंत्रण करने की क्रियाएं कराईं। इसी दिन के दूसरे चरण में एमएस यूनिवर्सिटी के रंगकर्म विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. त्रिलोक सिंह मेहरा ने युवा प्रतिभागियों को शास्त्रीय संगीत और नृत्य प्रस्तुति के दौरान मंच संचालन विधा को साधने के गुर सिखाए। अपने सेशन में डॉ. मेहरा ने रेडियो कार्यक्रम के ख्यात अनाउंसर अमीन सयानी, आवाज के जादूगर हरीश भिमानी और मशहूर कमेंटेटर जसदेव सिंह के स्वर्णिम काल की ऑडियो वीडियो क्लिपिंग दिखाकर अलग असर जगाया। पश्चिम सांस्कृतिक केंद्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को कार्यशाला का विधिवत समापन होगा, इस अवसर पर सभी प्रशिक्षु प्रतिभागी सात दिनों के अनुभव साझा करते हुए सीखे हुनर का प्रदर्शन भी करेंगे। **रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**